University in News on 05 July 2022

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : नैक भ्रमण अब 21 से 23 तक

माई सिटी रिपोर्टर

नैक की ओर से स्थलीय निरीक्षण की तिथि बदली गई

विधि प्रशासन ने कहा तैयारियों के लिए मिला और समय

प्रजेंटेशन का समय कम करें, यूनिक प्रैक्टिस करें हाईलाइट

लविवि के विभागों में नैक की तैयारियों का जायजा लेती विशेषज्ञ टीम।

... के फेलो रहे प्रो. रमेश शर्मा व नैक से जुड़ी रहीं डॉ. रमा कोंडापल्ली के सामने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने अपना प्रजेंटेशन दिया। विशेषज्ञों ने प्रजेंटेशन का समय कम करने और यूनिक प्रैक्टिस को ज्यादा फोकस करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि विस्तृत बात करने की जगह प्वाइंट में चीजों को प्रस्तुत करें क्योंकि नैक टीम के पास समय कम होता है।

इसके बाद उक्त विशेषज्ञों व चार डीन की अलग-अलग कमेटियों ने कला, विज्ञान व कॉमर्स संकाय के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। कई जगह पर काम चल रहा था, जिसे कमेटी ने समय ...

... आने वाली निरीक्षक टीम के सामने प्रस्तुत हो। विभाग के प्रजेंटेशन के समय इसे प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति के साथ डाटा में भी एक स्पार्क नजर आए। विशेषज्ञों ने यह भी सुझाव दिया कि आने वाली निरीक्षक टीम के सामने केवल वही डाटा रखें जो वास्तव में हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

बीएड परीक्षार्थियों की होगी फेस स्कैनिंग

माई सिटी रिपोर्टर

लविवि ने केंद्राध्यक्षों, प्रभारियों को दिए गए आवश्यक निर्देश

फीस जमा करने की तिथि 14 तक बढ़ाई

लखनऊ। लविवि ने सत्र 2021-22 के लॉ, इंजीनियरिंग व मैनेजमेंट को छोड़कर अन्य कोर्सों के चौथे, छठे, आठवें व 10वें सेमेस्टर के छात्रों के लिए सेमेस्टर शुल्क जमा करने की तिथि 14 जुलाई तक बढ़ा दी है। यह जानकारी रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह ने दी। (माई सिटी रिपोर्टर)

मुन्ना सिंह बने विभागाध्यक्ष

लखनऊ। लविवि में प्रो. मुन्ना सिंह वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष बनाए गए हैं। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह की सूचना के अनुसार उनकी नियुक्ति अधिकतम तीन साल तक के लिए हुई है। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि व कॉलेज खुले, कम आए छात्र

NBT PAGE 3

बीएड परीक्षा कल, लेकर जाएं प्रवेश पत्र की दो कॉपी

■ **एनबीटी, लखनऊ :** छह जुलाई को होने वाली संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 2022 की तैयारियां पूरी हो गई हैं। इसे लेकर सोमवार को अधिकारियों की बैठक भी हुई। बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए जिला समन्वयक लविवि के प्रो. आरबी सिंह मून ने बताया कि परीक्षा के लिए शहर में 61 केंद्र बनाए गए हैं। 29,646 अभ्यर्थी परीक्षा के लिए रजिस्टर्ड हैं। हर केंद्र में एलयू के दो शिक्षक ऑब्जर्वर की भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा एक स्टैटिक मैजिस्ट्रेट, एक सेंटर रिप्रेजेंटेटिव और एक सेंटर सुप्रिटेंडेंट भी तैनात रहेंगे।

शहर में बनाए गए हैं 61 केंद्र, 29,646 अभ्यर्थी होंगे शामिल

फोन पर रोक: परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों के लिए फोन प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा केंद्र में स्टैटिक मैजिस्ट्रेट, एक सेंटर रिप्रेजेंटेटिव और एक सेंटर सुप्रिटेंडेंट, दो ऑब्जर्वर के अलावा किसी अन्य को फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा से आधे घंटे पहले पहुंचना होगा। इसके बाद प्रवेश नहीं मिलेगा। प्रो. आरबी सिंह मून ने बताया कि परीक्षा कक्ष में विद्यार्थियों की बायोमीट्रिक हाजिरी होगी। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र की दो कॉपी लानी होगी, एक परीक्षा केंद्र में जमा होगी। इसके अलावा सैनिटाइजर, मास्क व दस्ताना लाने के भी निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा का आयोजन दो पालियों में होगा। सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली में दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होगा।

एलयू में अब 21 को आएगी नैक टीम

■ **एनबीटी, लखनऊ :** नैक की टीम अब 21, 22 और 23 जुलाई को लखनऊ विश्वविद्यालय का दौरा करेगी। पहले 11 से 13 जुलाई तक दौरा होना था। तारीख में बदलाव के बीच नैक निरीक्षण को लेकर चल रही तैयारियों का सोमवार को विवि प्रो. आलोक कुमार राय ने जायजा लिया। लखनऊ विश्वविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों और संकाय अध्यक्षों के पांच दलों ने अलग-अलग विभागों का निरीक्षण कर तैयारियां परखीं। निरीक्षण का आगाज वीसी के समक्ष प्रेजेंटेशन के साथ हुआ। इस दौरान नैक के पूर्व निदेशक प्रो. एएन राय के साथ ही प्रो. रमेश शर्मा और डॉ. रमा कोंडापल्ली ने विभागों का निरीक्षण किया। प्रो. राय ने बताया कि निरीक्षण में करीब 74 परसेंट वेटेज डेटा वेरिफिकेशन और वैलिडेशन को दिया जाता है। 26 परसेंट वेटेज विवि के फिजिकल परफॉर्मेंस पर भी निर्भर करता है।

HIDUSTAN PAGE 6

बीएड प्रवेश परीक्षा कड़ी सुरक्षा में छह को

सतर्कता

123 केंद्रों पर एक साथ होगी बीएड की प्रवेश परीक्षा | **500** मीटर के दायरे में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था होगी

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, लखीमपुर और हरदोई में एक साथ 123 केंद्रों पर 6 जुलाई को होने वाली बीएड की प्रवेश परीक्षा कड़े सुरक्षा घेरे में होगी। परीक्षा की मिनट-टू-मिनट रिपोर्ट शासन लेगा। मुख्यमंत्री खुद नजर रखेंगे। इस परीक्षा के लिए लखनऊ में 61 केंद्र बने हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय ने परीक्षा के लिए कमर कस ली है। सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और संबंधित अधिकारियों की बैठक में तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में एडीएम प्रशासन, रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय के डा. राजेंद्र सिंह एवं डा. अनिल बिष्ट, लखनऊ के संयोजक प्रो. आरबी सिंह, लखनऊ जिले के संयोजक प्रो. राकेश द्विवेदी के अलावा पुलिस अधिकारी, इंटेलिजेंस, विजिलेंस आदि के अधिकारी शामिल हुए।

हर केंद्र के 500 मीटर दायरे में कड़ी सुरक्षा होगी। हर सेंटर पर एक उपनिरीक्षक, दो महिला और दो पुरुष पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। सेक्टर मजिस्ट्रेट भी तैनात रहेंगे। परीक्षा खत्म होने तक परीक्षा वाले जिलों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। इंटेलिजेंस और विजिलेंस टीम सक्रिय रहेंगी। इस परीक्षा पर शासन की कड़ी नजर है। परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों के भीतर मोबाइल नहीं ले जा सकेंगे। इसके अलावा स्मार्ट वाच जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी भीतर नहीं जा सकेंगे।

लखनऊ में 30 हजार परीक्षार्थी

लखनऊ में 61, सीतापुर और रायबरेली में 18-18, हरदोई और लखीमपुर में 13-13 केंद्र बनाए हैं। लखनऊ में 29646 परीक्षार्थी शामिल होंगे। लखनऊ जिले में कुल 50 हजार के आसपास परीक्षार्थी हैं। जानकारी के अनुसार यह परीक्षा दो पाली में होगी। पहली सुबह 9 से 12 और दूसरी दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी।

प्रोफेसर मुन्ना बने वनस्पति विभाग के अध्यक्ष

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विभाग के प्रोफेसर मुन्ना सिंह को विभागाध्यक्ष बनाया गया है। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह के मुताबिक प्रोफेसर मुन्ना को पांच जुलाई से तीन वर्ष के लिए वनस्पति विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अबसे इस विभाग की जिम्मेदारी अपनी नई भूमिका के तहत वह ही संभालेंगे।

AMRIT VICHAR PAGE 3

बीएड प्रवेश परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी

लखनऊ। बीएड सत्र 2022–23 मे प्रवेश के लिए परीक्षा का आयोजन 6 जुलाई को किया जायेगा। परीक्षा से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस संबंध में लखनऊ विश्वविद्यालय के सभागार मे सोमवार को समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमे परीक्षा से जुड़ी सभी तैयारियों की समीक्षा हुई। बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए इस बार राजधानी मे 61 केन्द्र बनाये गये हैं। केन्द्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती के दौरान आइडी कार्ड रखना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही परीक्षार्थियों को थंब इंप्रेशन के बाद ही अंदर प्रवेश दिया जायेगा।

JAGRAN CITY PAGE III

21, 22 और 23 जुलाई को आएगी नैक टीम

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद ने लखनऊ विश्वविद्यालय को भेजी तिथि बदलने की सूचना

लवि में माक विजिट के दौरान टीम ने भू-गर्भ विज्ञान विभाग का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी • सौजन्य से लवि

'विद्यार्थियों की सफलताओं पर भी फोकस करें विभाग'

... फीडबैक प्रस्तुत किए। प्रो. एएन राय ने बताया कि प्रस्तुतीकरण करते समय किसी भी विभाग की सफलताएं जैसे छात्रों का प्लेसमेंट, पास प्रतिशत, प्रतियोगी परीक्षाओं में उनकी सफलता आदि सुनियोजित ग्राफिक्स में नजर आए। प्रस्तुतीकरण को इस तरह बनाएं ताकि विभाग का सबसे सफल चेहरा आने वाली निरीक्षक टीम के सामने प्रस्तुत हो। प्रो. रमेश शर्मा ने कहा कि विभाग के सुंदरीकरण, सफलताओं की डिस्प्ले के साथ सबसे जरूरी है। डा. रमा कोंडपल्ली ने कहा कि विश्वविद्यालय एवं किसी भी विभाग का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा विद्यार्थी होते हैं। इसलिए सभी विभाग अपने प्रस्तुतीकरण में अपने विद्यार्थियों की सफलताओं जैसे छात्र प्रगति, प्लेसमेंट आदि पर ज्यादा जोर दें। आने वाली निरीक्षक टीम के सामने केवल वास्तविक डाटा ही प्रस्तुत करें। प्रस्तुतीकरण इस तरीके से किया जाए की टीम के सामने हर विभाग का एक वास्तविक स्वरूप खड़ा हो।

डा. मुन्ना सिंह बने वनस्पति विज्ञान विभाग के हेड

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विभाग विभाग के प्रोफेसर डा. मुन्ना सिंह को विभागाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। उनका कार्यकाल पांच जुलाई से तीन वर्ष अथवा अधिवर्षता आयु पूरी होने या कोई अन्य आदेश होने तक मान्य होगा। इस संबंध में कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने आदेश जारी कर दिया है। (जास)

शुल्क जमा करने का मौका

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2021-22 के एलएलबी, इंजीनियरिंग, आइएमएस व बीएड चौथे सेमेस्टर को छोड़कर चौथे, छठे, आठवें व 10वें सेमेस्टर के विद्यार्थियों को शुल्क जमा करने का आखिरी मौका दिया है। अब छात्र-छात्राएं आनलाइन अनुमति लेकर 14 जुलाई तक बिना विलंब शुल्क यूडीआरसी पोर्टल पर जमा कर सकते हैं। (जास)

... निकलीं। अलग-अलग टीमों ने टैगोर पुस्तकालय, एमबीए सहित सभी विभागों में दौरा किया। विशेषज्ञों की टीम में जीव रसायन विज्ञान के एक्सपर्ट, मिजोरम विश्वविद्यालय एवं नैक के पूर्व निदेशक प्रो. एएन राय, भारत के नेशनल एकेडमी आफ साईंसेज के फेलो रहे प्रो. रमेश शर्मा, एजुकेशन मैनेजमेंट, पालिसी और एजुकेशन टेक्नोलाजी की विशेषज्ञ एवं नैक से कई वर्षों से जुड़ी डा. रमा कोंडापल्ली शामिल थीं।

PIONEER PAGE 3

टीम के समक्ष प्रजेंटेशन में दिखाएं विभाग का प्रतिबिम्ब: प्रो. राय

● **विवि के दौरे पर अब 21, 22, 23 जुलाई को आयेगी नैक की टीम**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

THE PIONEER PAGE 3

Cooperative lending library a unique initiative of LU

Lucknow (PNS): The University of Lucknow has made a unique initiative in the form of a cooperative lending library. It is not just unique in the state but also amongst the universities of north India. LU spokesperson Durgesh Srivastava said it was conceptualised in 1966-67 as a text book lending facility for the students of the university.

"Today, it is a popular hub of discipline-specific core academic books amongst the students who can get these issued for the entire academic session. The students have an access to expensive and foreign publications which may not be readily available in the market. Moreover, they get these without depositing any caution money or security deposit. More than 5,000 books have been purchased in the last five years alone from the Student Membership Fund," he said.

"The result is that today it's a collection of approximately 80,000 books for the faculties of Arts, Commerce, Science and Education. Another 2,259 books of law have been shifted to the new campus library along with the department of Law. The most interesting feature is that the library is an independent sustainable initiative based on membership fund generated from the students. It does not receive any recurring funds either from the university or any other funding agency. The library administration has generated additional facilities like a photocopy for the students at a minimum cost, RO for clean drinking water, etc solely from the Student Membership Fund. It has adopted an inclusive approach enabling even the specially-abled to have easy access through a separate counter for issuance of books," he added. The library has a huge section of donated books which have come from across the academic strata.

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

नैक टीम के दौरे की तिथियां बदलीं



अब 21,22 व 23 को होगा लविवि का निरीक्षण

राजधानी में 61 केन्द्रों पर कल होगी बीएड प्रवेश परीक्षा

परीक्षा के दौरान रहेगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय के तत्वावधान में छह जुलाई को आयोजित होने वाली वीएड प्रवेश परीक्षा की तैयारियों को लेकर लविवि में सोमवार को जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन तथा संबंधित अधिकारियों बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता परीक्षा समन्वयक लविवि के प्रो. आर.पी. सिंह मून ने की। वीएड की परीक्षा नकल विहीन संपन्न कराने के लिए लविवि ने लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं, बैठक में परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की गयी। परीक्षा की पलपल की रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी तथा मुख्यमंत्री स्वयं इस पर नजर रखेंगे।

लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा राजधानी के अतिरिक्त सीतापुर, रायबरेली, लखीमपुर और हरदोई में एक साथ 123 केन्द्रों पर छह जुलाई को वीएड की प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा के लिए राजधानी में 61, सीतापुर में 18, रायबरेली में 18, हरदोई में 13 तथा लखीमपुर में 13 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा का आयोजन दो पाली में होगा, पहली प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दूसरी पाली अपराह्न दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी। सुरक्षा की दृष्टि से हर परीक्षा केन्द्र में कड़ी सुरक्षा रहेगी। हर परीक्षा केन्द्र पर एक उपनिरीक्षक, दो महिला और दो पुरुष पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। सेक्टर मजिस्ट्रेट भी तैनात रहेंगे, साथ ही इंटेलिजेंस और विजिलेंस की टीम भी सक्रिय रहेंगी। परीक्षा केन्द्र के भीतर परीक्षार्थी मोवाइल नहीं ले जा सकेंगे। इसके अलावा स्मार्ट वाच जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी भीतर नहीं जा सकेंगे। टीमें इस पर भी नजर रखेगी कि केन्द्र के भीतर या आसपास कोई डिवाइस तो नहीं सक्रिय है।

वैठक में एडीएम प्रशासन, रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय के डा. राजेंद्र सिंह एवं डा. अनिल विष्ट लखनऊ जिले के संयोजक प्रो. राकेश द्विवेदी सहित पुलिस अधिकारी, इंटेलिजेंस, विजिलेंस आदि के अधिकारी उपस्थित थे।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

लखनऊ विश्वविद्यालय में नैक का निरीक्षण

कुलपति आलोक कुमार ने गठित की टीमें

TOI PAGE 2

LU to hard-sell treasure trove of journals during NAAC visit

Times News Network

Lucknow: Lucknow University has a rich collection of 18th century science journals in its Physics and Chemistry departments, a treasure trove that the University plans to showcase along with museums, laboratories and scientific research work, during the NAAC team visit to the campus on July 21, 22 and 23.

The collection was highlighted during the NAAC mock drill held on the campus in which a team of experts visited every department on the old campus.

One of the museums of LU

"Rich collection of German journals from 1833 to 1914 present in our departmental library was highly appreciated by the team," said the chemistry department head Prof Anil Mishra.

Similarly, the physics department also has 19 hi-tech laboratories and a rich library that has over 2,500 copies of 92 journals from the 19th century.

"We have a rich collection of science journals from the 18th and the 19th century like Astrophysical, Science Abstract B and others," said physics department head Prof NK Pandey.

The NAAC mock drill team of experts included Prof AN Rai, former vice-chancellor of Mizoram University, North Eastern Hill University (NEHU) and former director of NAAC, Prof Ramesh Sharma, professor of Biochemistry at NEHU and Dr Rama Kondapalli, an expert associated with NAAC for many years.

संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की होगी फेस स्कैनिंग

प्रवेश पत्र पर अभ्यर्थी की मूल फोटो जरूरी